प्रेषक,

मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
अम्बेडकरनगर।

सेवा में,

पुलिस अधीक्षक,
अम्बेडकरनगर।

पत्रांक–मु0चि0अ0 / तंम्बाकू नि0प्रको0 / नगर निकाय चुनाव / 2017–18 / 11395 दिनांक–18.11.2017

विषय–जनपद में निकाय चुनाव 2017 के दौरान सभी मतदान केन्द्रो पर कोटपा अधिनियम 2003 की धारा–4 के अर्न्तगत निषिद्ध क्षेत्र मे किसी भी व्यक्ति द्वारा धूम्रपान करते हुए पाये जाने पर विधिक कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक जिलाधिकारी महोदय के पत्र संख्या–11338–6 / त0नि0प्र0 / न0निकाय चुनाव / 2017–2018 दिनांक–16 / 11 / 2017 के द्वारा में नगर निकाय चुनाव 2017–18 मे मतदेय स्थल को धूम्रपान निषिध क्षेत्र घोषित किया गया है, क्यों कि मतदान केन्द्र सावर्जनिक स्थल की श्रेणी मे आता है, यहां पर कोटपा अधिनियम 2003 की धारा 4 का उल्लंघन करते हुये पाये जाने की दशा मे सम्बन्धित के विरूद्व विधिक कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित है। जिसे हेतु जुर्माना एवं चालान बुक की आवश्यकता होगी ।

अतएव विधिक कार्यवाही हेतु तंम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ अम्बेडकरनगर द्वारा आपको रसीद उपलब्ध करायी जा रही है। जिसकी संख्या निम्नवत है–

1	जुर्माना रसीद संख्या	2001	से	5000	तक	120 बुक
2	चालान रसीद संख्या	1001	से	2000	तक	40 बुक

कृपया उक्त जुर्माने एवं चालान की रसीद प्राप्त करने एवं उल्लंघन कर्ता से प्राप्त जुर्माने को कोषागार के रसीद सं0 385 पर लेखा शीर्षक –0210 चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य 04–लोक स्वास्थ्य 800 अन्य प्राप्तिया 04 स्वास्थ्य निदेशक के अन्य प्राप्तियो मे जमा कर दिया जायेगा तत्पश्चात उसकी सूचना जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ अम्बेडकरनगर की ई–मेल आईडी–ntcpambedkarnagar@gmail.com पर चुनाव समाप्त होने के 10 कार्य दिवस के अन्दर सूचना उपलब्ध कराने का कष्ट करे, जिससे कृत कार्यवाही से अध्यक्ष एन्टी टोबैको सेल / जिलाधिकारी महोदय, को अवगत कराया जा सके।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
अम्बेडकरनगर

पत्रांक–मु0चि0अ0 / तंम्बाकू नि0प्रको0 / नगर निकाय चुनाव / 2017–18 / 11395 तद्दिनांकित
प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1 महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें उ0 प्र0 लखनऊ।
2 अध्यक्ष एन्टी टोबैको सेल / जिलाधिकारी महोदय, अम्बेडकरनगर को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
3 जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई एन0एच0एम0 अम्बेडकरनगर।

20/11/17

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
अम्बेडकरनगर